International Journal of Contemporary Research In Multidisciplinary

Research Paper

शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन।

Dr. Sameena Quraishi[1*]

[1]Assistant Professor, J E S College of Education, Bilaspur, Chhattisgarh, India

Corresponding Author: * Dr. Sameena Quraishi

Abstract

सामाजिक बुद्धि वह है, जो सामाजिक संबंधों के बनाने, बढ़ाने, सुधारने और उनका निर्वाह करने में सहायक सिद्धत होता है। सामाजिक बुद्धि निम्नलिखित क्रियाओं में सहज ही देखी जाती है –

- मित्र बनाने में।
- संबंधां के सफलतापूर्वक निर्वाह में।
- परिस्थिति के अनुरूप बात करने में।
- कक्षा या समाज में सहयोग, सहानुभूति की भावना प्रदर्शित करने में।
- अपने व्यवहार से दूसरों का हृदय जीतने का।

इस तरह सामाजिक कार्यकर्ताओं, नेताओं, सेवकों आदि में सामाजिक बुद्धि अधिक पायी जाती है। यहाँ यह समझ लेना आवश्यक है कि यद्यपि ऐसे बहुत कम व्यक्ति या बालक होते हैं जिनमें बुद्धि के ये तीनों रूप अलग–अलग और स्पष्ट दिखाई दे। फिर भी जब कोई विचारक या वैज्ञानिक किसी नए यंत्र का मूर्त रूप देता है तो यांत्रिक बुद्धि काम करती है और जब उस यंत्र को बनाने हेतु साथियों या विशेषज्ञों का अधिकतम सहयोग प्राप्त करता है तो उसकी सामाजिक बुद्धि कार्य करती है।ण

Manuscript Information

- **ISSN No:** 2583-7397
- **Received:** 25-05-2024
- **Accepted:** 21-06-2024
- **Published:** 18-08-2024
- **IJCRM:**3(4); 2024: 163-164
- **©2024, All Rights Reserved**
- **Plagiarism Checked:** Yes
- **Peer Review Process:** Yes

How to Cite this Manuscript

Sameena Quraishi. शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन। International Journal of Contemporary Research in Multidisciplinary.2024; 3(4): 163-164.

Keywords: शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय विद्यार्थी, सामाजिक बुद्धि।

1. परिचय

सामाजिक बुद्धि से अभिप्राय व्यक्ति की वह योग्यता है जो समाज में समायोजन की क्षमता उत्पन्न करती है। सामाजिक प्राणी होने के कारण व्यक्ति को समाज में संबंध बनाने में यह बुद्धि योग्यता प्रदान करती है। इस प्रकार की बुद्धि के अंतर्गत व्यवहार कौशल के साथ व्यक्तित्व एवं चरित्र के गुण निहित होते हैं। स्वभाव, मनःस्थिति, मनोवृत्ति, ईमानदारी, निर्णय, हास्य, स्वभाव आदि कारक सामाजिक बुद्धि की ओर से संकेत करते हैं। बहुत से व्यक्ति असामाजिक या सामाजिक बुद्धि न होने के कारण अपने जीवन में असफल हो जाते हैं। सामान्यतः अमूर्त एवं सामाजिक बुद्धि साथ–साथ चलती है। नेतागण इसी बुद्धि के उपयोग से जन–जीवन में लोकप्रिय होकर प्रतिनिधि बन जाते हैं।

2. संबंधित साहित्य की समीक्षा

आज के वर्तमान समय में सामाजिक बुद्धि का होना बहुत ही आवश्यक है, क्योंकि समाज में उत्पन्न होने वाली समस्याओं से तनाव एवं विभिन्न प्रकार की विषमतायें पैदा हो रही है, जो सामाजिक एवं पारंपरिक नियमों को तोड़ने का प्रयत्न करते हैं। सामाजिक बुद्धि एक मूल तत्व के रूप में समाहित होकर व्यक्ति को आंतरिक एवं बाह्य रूप से योग्य बनाने का प्रयास करता है।

- सास्वत (1982) ने दिल्ली के माध्यमिक शाला के छात्रों को सामाजिक बुद्धि का सामाजिक समायोजन के साथ धनात्मक एवं सार्थक सहसंबंध देखा।
- प्रहलाद (1982), भारद्वाज (1986), शर्मा (1986) ने विभिन्न महाविद्यालयों में अध्ययन करने वाले कला व विज्ञान, विज्ञान व वाणिज्य, कला व वाणिज्य विषय के छात्रों की सामाजिक बुद्धि में अन्तर पाया।

अतः प्रस्तुत लघुशोध अध्ययन के लिए सामाजिक का चुनाव किया गया, जो महाविद्यालयीन छात्रों की सामाजिक बुद्धि का अध्ययन विषयों के संदर्भ में है।

3. उद्देश्य एवं परिकल्पना

अध्ययन का उद्देश्य

प्रस्तुत अध्ययन हेतु निम्न उद्देश्य निर्धारित किए गए हैं –

© 2024 Dr. Sameena Quraishi. This is an open access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution 4.0 International License (CC BY NC ND). https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

- शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि का मापन करना।
- शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि का मापन करना।
- शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि का मापन करना।

अध्ययन की परिकल्पना

H_1 शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा।

H_2 शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा।

H_3 शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों में सामाजिक बुद्धि में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा।

4. प्रणाली एवं प्रक्रिया

विधि : प्रस्तुत शोध अध्ययन शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का चयन उद्देशीय न्यादर्श विधि द्वारा किया गया है।

जनसंख्या : इस शोध अध्ययन के लिए शोधकर्त्ता ने दुर्ग–भिलाई शहर के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का चयन किया है।

न्यादर्श : प्रस्तुत लघु शोध में उद्देशीय न्यादर्श विधि द्वारा 80 शासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं 80 अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

विस्तार एवं सीमांकन : इसमें दुर्ग–भिलाई क्षेत्र के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों तक सीमित है। यह अध्ययन महाविद्यालयीन विद्यार्थियों तक सीमित हैं। इस अध्ययन के अंतर्गत विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों तक सीमित हैं।

उपकरण : प्रस्तुत शोध कार्य में विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि को जानने हेतु डॉ. एन.के. चड्ढा द्वारा निर्मित 'सोशियल इन्टेलिजेन्स स्केल' का प्रयोग किया गया है।

सांख्यिकीय प्रविधि : इस शोध अध्ययन में मध्यमान, प्रमाणिक विचलन एवं 'टी' मूल्य का प्रयोग किया गया है।

5. विश्लेषण एवं चर्चा

प्रमाणित कल्पनाएँ

H_1- शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा।

उपरोक्त परिकल्पना के परीक्षण हेतु शासकीय महाविद्यालय के 80 तथा अशासकीय महाविद्यालय के 80 विद्यार्थियों को न्यादर्श के रूप में चयनित किया गया एवं सामाजिक बुद्धि मापनी की सहायता से प्राप्त मूल प्राप्तांकों का मध्यमान, प्रमाणिक विचलन तथा 'टी' मूल्य की गणना की गयी है। जिसका विवरण अग्रलिखित तालिका में दिया गया है –

क्र.	तुलनात्मक समूह	प्रदत्तों की संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	'टी'–मूल्य
1	शासकीय महाविद्यालय	80	105.38	14.40	0.201
2	अशासकीय महाविद्यालय	80	106.90	15.63	
df = 158, P > 0.05 सार्थक अंतर नहीं है।					

उपरोक्त सारणी से यह स्पष्ट है कि शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयीन विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि का मध्यमान व प्रमाणिक विचलन 105.38 व 14.40 तथा 106.90 व 15.63 प्राप्त हुआ तथा दोनों के मध्य 'टी' मूल्य का मान 0.201 प्राप्त हुआ। जो कि स्वतंत्रता की कोटि 158 पर 0.05 स्तर पर सार्थक अंतर नहीं है, जो यह प्रदर्शित करता है कि हमारी परिकल्पना स्वीकृत है।

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयीन विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

H_2- शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा।

उपरोक्त परिकल्पना के परीक्षण हेतु शासकीय महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के 40 तथा वाणिज्य संकाय के 40 विद्यार्थियों को न्यादर्श के रूप में चयनित किया गया एवं सामाजिक बुद्धि मापनी की सहायता से प्राप्त मूल प्राप्तांकों का मध्यमान, प्रमाणिक विचलन तथा 'टी' मूल्य की गणना की गयी है। जिसका विवरण अग्रलिखित तालिका में दिया गया है –

क्र.	तुलनात्मक समूह	प्रदत्तों की संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	'टी'–मूल्य
1	शासकीय महा. के विज्ञान संकाय के विद्यार्थी	40	106.90	14.40	0.95
2	शासकीय महा. के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी	40	103.88	14.20	
df = 78, P > 0.05 सार्थक अंतर नहीं है।					

उपरोक्त सारणी से यह स्पष्ट है कि विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय के विज्ञान संकाय तथा वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि का मध्यमान 106.90 व 103.88 है तथा प्रमाणिक विचलन 14.40 व 14.20 प्राप्त हुआ तथा दोनों के मध्य 'टी' मूल्य का मान 0.95 प्राप्त हुआ। जो कि स्वतंत्रता की कोटि 78 पर 0.05 स्तर पर सार्थक अंतर नहीं है, जो यह प्रदर्शित करता है कि हमारी परिकल्पना स्वीकृत की जाती है।

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि शासकीय महाविद्यालयीन विज्ञानं एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा।

H_3- शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों में सामाजिक बुद्धि में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा।

उपरोक्त परिकल्पना के परीक्षण हेतु शासकीय महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के 40 तथा अशासकीय महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के 40 विद्यार्थियों को न्यादर्श के रूप में चयनित किया गया एवं सामाजिक बुद्धि मापनी की सहायता से प्राप्त मूल प्राप्तांकों का मध्यमान, प्रमाणिक विचलन तथा 'टी' मूल्य की गणना की गयी है। जिसका विवरण अग्रलिखित तालिका में दिया गया है –

क्र.	तुलनात्मक समूह	प्रदत्तों की संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	'टी'–मूल्य
1	शासकीय महाविद्यालय विज्ञान संकाय के विद्यार्थी	40	106.90	14.40	0.04
2	अशासकीय महाविद्यालय विज्ञान संकाय के विद्यार्थी	40	106.78	15.79	
df = 78, P > 0.05 सार्थक अंतर नहीं है।					

उपरोक्त सारणी से यह स्पष्ट है कि विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि के अंतर्गत शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि का मध्यमान 106.90 व 106.78 है तथा प्रमाणिक विचलन 14.40 व 15.79 हुआ तथा दोनों के मध्य 'टी' मूल्य का मान 0.04 प्राप्त हुआ। जो कि स्वतंत्रता की कोटि 78 पर सार्थकता पर 0.05 पर सार्थक अंतर नहीं है, जो यह प्रदर्शित करता है कि हमारी परिकल्पना स्वीकृत होती है।

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयीन अध्ययनरत् विज्ञान संकाय के विद्यार्थिय की सामाजिक बुद्धि में सार्थक अन्तर नहीं पाया जाएगा।

संदर्भित ग्रन्थ

1. कपिल एचके. अनुसंधान विधियाँ. 1984.
2. शर्मा गंगाराम. शिक्षा मनोविज्ञान. 2004.
3. पाठक पीडी, सिंग देवेन्द्र. शिक्षा मनोविज्ञान भारतीय एवं इंडियन जरनल ऑफ साइक्रोमेट्रिक एण्ड बिस्ट एजुकेशन. 2000;33(1).
4. जैन प्रभा, पटेल. ए कम्परेटिव स्टडी ऑफ सोशियल मेच्यूरिटी ऑफ टीचिंग एप्टीट्यूट ऑन जॉब सेटिस्फेक्शन ऑफ साइकोमेट्रीक एण्ड एजुकेशन. जनवरी 2001;32.
5. शर्मा श्वेता, गिर सोफिया. सेक्स डिफरेन्स इन सोशियल मेच्यूरिटी. साइकोलिंग्वा. 2006;36.

Creative Commons (CC) License

This article is an open access article distributed under the terms and conditions of the Creative Commons Attribution (CC BY 4.0) license. This license permits unrestricted use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original author and source are credited.

© 2024 Dr. Sameena Quraishi. This is an open access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution 4.0 International License (CC BY NC ND). https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/